# पुलिस के आश्वासन पर टला पुतला दहन, गैंग प्रभारी पर एफआईआर की मांग

**उज्जैन।** धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी उज्जैन में नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते (गैंग) की कथित बर्बरता ने शहर के माहौल को गर्मा दिया है। नरसिंह घाट क्षेत्र में फुटकर व्यापारियों, महिलाओं और यहां तक कि एक दिव्यांग के साथ निगम गैंग प्रभारी और कर्मचारियों द्वारा मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद जनआक्रोश फूट पड़ा है।

बुधवार को मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास और सर्व कल्याण बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने घटनास्थल पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम दिया। मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने बताया कि विगत चार माह से झालरिया मठ क्षेत्र (नरसिंह घाट मार्ग) पर गरीब फुटकर व्यापारी सम्मानजनक रोजगार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे।




निगम के गैंग प्रभारी मोनू थनवार ने अपने साथियों के साथ वहां पहुंचकर जबरन सामान जब्त करना शुरू कर दिया। जब संजय सिंह चौहान, अर्जुन कहार, कालूराम चौहान और मौजूद महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। वायरल वीडियो में निगम कर्मी महिलाओं और दिव्यांगों के साथ धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं, जिसे लेकर पूरे शहर में नाराजगी है।

**अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन, दी चेतावनी**–घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने बुधवार दोपहर कोतवाली सीएसपी श्री देशमुख को जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी पुतला दहन करने वाले थे, लेकिन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई के आश्वासन के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। साथ ही मांग की कि गैंग प्रभारी मोनू थनवार पर तत्काल एफआईआर दर्ज हो। झूठी रिपोर्ट लिखवाने वाले निगम कर्मियों पर कार्रवाई हो। दोषी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जाए।

**गरीब अपराधी नहीं, मेहनतकश है**–मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा, ठेला लगाकर पेट पालने वाला कोई अपराधी नहीं होता। अगर महाकाल की नगरी में महिलाएं और दिव्यांग सुरक्षित नहीं हैं, तो यह सिस्टम की विफलता है। यह लड़ाई एक कर्मचारी के खिलाफ नहीं, उस मानसिकता के खिलाफ है जो गरीब को कुचलना अपना अधिकार समझती है। यदि 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई, तो निगम मुख्यालय पर विशाल धरना दिया जाएगा। प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में सर्व कल्याण बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम, गौ रक्षा न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष हरि माली, प्रदेश अध्यक्ष विशाल नगर, राहुल जाट, संजय परमार, देव आनंद जाट, विशाल नागर, राहुल चावड़ा, लोकेन्द्र परमार, पंकज बोडाना, विशाल वर्मा, वरुण मालवीय सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और पीड़ित व्यापारी शामिल थे।



## जेल अधीक्षक व आयुष अधिकारी का किया सम्मान

**उज्जैन।** मुस्कान मानव सेवा समिति उज्जैन एवं आयुष विभाग शाजापुर के संयुक्त तत्वावधान में शाजापुर जिला जेल में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी जावेद शेख ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में 119 से अधिक कैदियों ने लाभ लिया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की बीमारियों की नि:शुल्क जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। शिविर के सफल संचालन में आयुष अधिकारी श्री गिरिराज बाथम, डॉ. प्रियंका टेवा, डॉ. सीमा बड़िया, रोहित कुशवाह सहित आयुष विभाग के समस्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। आयुष कार्यालय शाजापुर द्वारा सभी आवश्यक औषधियाँ नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। मुस्कान मानव सेवा समिति द्वारा शिविर में सहयोग करने वाले समस्त चिकित्सकों एवं स्टाफ का सम्मान किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित शाजापुर जेल अधीक्षक श्री दुष्यंत कुमार पगारे एवं उप अधीक्षक श्री सुनील मंडलेकर को समिति की ओर से सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति की ओर से प्रदेश अध्यक्ष श्री रईस खान, डॉ. शकील अंसारी, रोशन अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति एवं आयुष विभाग के इस संयुक्त प्रयास की सभी उपस्थितजनों ने सराहना की।

## एक नजर में

### रमाबाई की जयंती डॉ. आंबेडकर मांगलिक भवन पर मनाई



**महिदपुर।** 7 फरवरी को त्याग की प्रतिमूर्ति माता रमाबाई अंबेडकर का जन्मदिन बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति महिदपुर द्वारा मनाया गया। सर्वप्रथम माता के माल्यार्पण हुआ तत्पश्चात उपस्थित समस्त संगठनों के विद्वानों ने माता रमाबाई के जीवन समर्पण और बाबा साहब की सहगामी के रूप में उनके महान किरदार को याद किया। माता रमाबाई अंबेडकर पर बात रखनेवालों में समिति अध्यक्ष दिनेश चौहान, डीओएमए परिसंघ प्रदेश महासचिव एवं समिति के संरक्षक जे के मालवीय, समिति उपाध्यक्ष विक्रम सोलंकी, समिति सहसचिव अनिल दावरे, आसाराम गहलोत, विनोद सिसोदिया, ऋतिक परमार, डॉ. जगदीश परमार, नरेंद्र परमार, अजय राठी, संदीप राठी, कुंदन परमार, जगदीश परमार आदि उपस्थित रहे। अंत में आसाराम गहलोत ने मिठाई का वितरण किया।

### श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में 66वां हनुमान चालीसा महोत्सव संपन्न



**उज्जैन।** शिप्रा नदी के छोटा पुल स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 66वां हनुमान चालीसा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन जयंत राव गरुड़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अवंतिका नगरी उज्जैन के प्राचीनतम 108 हनुमान मंदिरों में सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में प्रत्येक शनिवार किसी एक हनुमान मंदिर में सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रोहित राव ने बताया कि 66वां हनुमान चालीसा महोत्सव श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। जय श्री राम, जय श्री राम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर के गणपति तपस्वी अवधूत मोनी बाबा महाराज एवं सुंदर धाम आश्रम के त्यागी राजेश गुरुजी सुंदर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री हनुमान जी महाराज की आरती की गई तथा भगवान से शेष लक्ष्य शीघ्र पूर्ण होने की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए जयंत राव गरुड़ कहा कि हनुमान चालीसा के पाठ के माध्यम से युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। महाराज एवं महात्माओं के आशीर्वाद से निरंतर विभिन्न हनुमान मंदिरों में जाकर पाठ किया जा रहा है, ताकि निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों एवं समाजसेवियों का स्वागत महाकाल का दुपट्टा पहनाकर किया गया। इस मौके पर गब्बर बाबा, धर्मेंद्र जोशी, पुजारी बसंत गुरु, रवि राव अवार्ड, लोकन गुरु, रोहित राव मराठा, नितिन राव कृष्णा सहित अनेक श्रद्धालु एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों की अनदेखी से देश में हर साल जा रही डेढ़ लाख जानें : डीएसपी परिहार




**उज्जैन।** भारत में सड़क सुरक्षा एक गंभीर चिंता का विषय है। देश में प्रतिवर्ष 4 लाख 90 हज़ार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोग अकाल मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। समझदार होकर सड़क पर नासमझी करना जीवन पर भारी पड़ सकता है। यह विचार पुलिस उप अधीक्षक (यातायात) दिलीप सिंह परिहार ने व्यक्त किए। वे पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। डीएसपी परिहार ने कहा कि दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना और संकेतों की अनदेखी करना है। यातायात सुरक्षा हमारा नागरिक कर्तव्य है। कार्यशाला के दौरान डीएसपी परिहार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने यातायात नियमों पर प्रश्न पूछे, जिनके सही उत्तर देने वाले छात्रों को मौके पर ही पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक ज्वलंत मुद्दा है। नियमों की अनदेखी से कई लोग जीवन भर के लिए अपाहिज हो जाते हैं और नारकीय जीवन जीने को बाध्य होते हैं। इसलिए यातायात संकेतकों का अध्ययन बहुत जरूरी है। आरंभ में कार्यशाला संयोजक मेजर डॉ. मोहन निमोले ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ. केशवमणि शर्मा ने भी मार्गदर्शन दिया। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया और आभार डॉ. गणेश राठौर ने माना। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बी.एस. अखंड, डॉ. रफीक नागोरी, प्रो. आनंद ठाकुर, डॉ. नलिनी तिलकर सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोधार्थी और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।



## शिवाजी जयंती पर शासकीय अवकाश की मांग

**उज्जैन।** 24 खंभा महाकाल घाटी स्थित क्षत्रिय मराठा समाज की धर्मशाला में क्षत्रिय मराठा समाज उज्जैन की कार्यकारिणी एवं समस्त समाजजन की बैठक समाज के अध्यक्ष अनिल धर्मे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी को दोपहर 3 बजे टावर चौक पर संपूर्ण समाज एकत्रित होकर छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती (19 फरवरी) को शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर कलेक्टर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपेगा। इसके साथ ही पूरे प्रदेश व देशभर में एकजुट संदेश देने का आह्वान किया गया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से विनम्र अपील की गई कि वे 12 फरवरी को अपने-अपने शहरों में कलेक्टर व मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर इस मांग को राष्ट्रव्यापी रूप दें, ताकि यह संदेश प्रधानमंत्री तक एक साथ पहुंचे। बैठक में 19 फरवरी को शिवाजी जयंती महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही समाज की धर्मशाला लीज से संबंधित जानकारी साझा की गई, आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई तथा विभिन्न समितियों की घोषणा की गई। अंत में सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। बैठक की संपूर्ण जानकारी अध्यक्ष अनिल धर्मे एवं सचिव अनिल गावड़े ने दी। कार्यक्रम का आभार सह सचिव प्रशांत शिंदे ने माना और संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता पाटिल ने किया।

इस मौके पर उपाध्यक्ष मुकेश

## भांबी समाज के 11वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

- 8000 समाजजनों ने दिया आशीर्वाद, निकला चल समारोह

**उज्जैन। उज्जैन में भांबी समाज द्वारा आयोजित 11वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 फरवरी को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस मांगलिक अवसर पर समाज के 15 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। सम्मेलन में न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि गुजरात और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।**

उज्जैन शहर अध्यक्ष सुनील कड़ेला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महासम्मेलन में करीब 8000 समाजजनों ने शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ौदा (गुजरात), राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश के नीमच, मंदसौर, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर और इंदौर जिले के करीब 50 गांवों से लोग वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे। सम्मेलन से पूर्व उर्दूपुरा स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर से दुल्हा दुल्हन चल समारोह के रूप में कार्यक्रम स्थल पहुंचे। सम्मेलन में मंगलसूत्र, पायजेब, दूल्हा-दुल्हन को कपड़े, गोदरेज, दीवान सहित गृहस्थी का सामान समाजजनों द्वारा भेंट किया गया। यह भव्य आयोजन प्रदेश अध्यक्ष (म.प्र.) श्री मनोज लोहिया और शहर अध्यक्ष श्री सुनील कड़ेला के मार्गदर्शन में, तथा सम्मेलन अध्यक्ष राधेश्याम जौहर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी मदन मेवाड़ा पूरे समय मौजूद रहे और व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।



### नवविवाहितों को मिली विशेष भेंट और उपहार

सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी की शुरुआत के लिए कई उपहार भेंट किए गए। मेवाड़ा समाज अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा की ओर से प्रत्येक जोड़े (कुल 15 जोड़े) को 9 लीटर का थरमस (वाटर कैंपर) भेंट किया गया। मेवाड़ा समाज संरक्षक देवनारायण जयपाल ने सभी 15 जोड़ों को श्बेड़ाश् (पारंपरिक बर्तन) भेंट कर आशीर्वाद दिया। रतलाम अध्यक्ष मानक लाल जी ने सम्मेलन में 2100 रुपये की राशि का कन्यादान किया। विवाह सम्मेलन समिति की ओर से प्रत्येक जोड़े को विवाह प्रमाण पत्र और लोकदेवता बाबा रामदेव जी की 40 इंच की आकर्षक लाइटिंग वाली तस्वीर भेंट की गई। इस आयोजन में समाज के कई वरिष्ठ और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बड़ौदा से मोहनलाल कटारिया और लक्ष्मी नारायण पवार विशेष रूप से पधारे। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला जयपाल, मनु बाई कड़ेला, कृष्णा कड़ेला, राजू मेवाड़ा, स्मिता कड़ेला, हर्षिता कड़ेला, माया कड़ेला, आशा जयपाल, मांगीलाल तंवर और राज गोयल ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही रतन लाल जी जावल, ओम जोधावत, प्रकाश कुरवरिया, जितेन कुरवरिया, पूर्व अध्यक्ष बंशी भाटिया और शुभम राजोरिया ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। समिति के कोषाध्यक्ष प्रीतम निम्बेल, सचिव भगवतीप्रसाद कड़ेला सहित पूरी कार्यकारिणी के प्रयासों से यह आयोजन ऐतिहासिक और यादगार बन गया।

## निर्मल वर्मा को जीवंत किया कहानियों के नाट्यमंचन ने

- निर्मल वर्मा के पात्रों का जीवंत मंचन-धूप का एक टुकड़ा और डेढ़ इंच ऊपर के साथ अभिनव नाट्य समारोह का भव्य समापन
- अभिनव रंगमंडल का 40वां समारोह-शरद शर्मा के निर्देशन में मंच पर साकार हुई निर्मल वर्मा की मौन कथा-चेतना
- पढ़ने और सुनने की विधा बनी 'देखने' का अनुभव, दर्शकों ने सराहा निर्मल वर्मा की कहानियों का नाट्य रूपांतरण

**उज्जैन।** भारत सरकार संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित अभिनव रंगमंडल के 40वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का समापन रविवार 8 फरवरी को कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में एक यादगार शाम के साथ हुआ। समारोह के छठे और अंतिम दिन वरिष्ठ रंगकर्मी एवं निर्देशक शरद शर्मा ने हिंदी के प्रसिद्ध लेखक निर्मल वर्मा की दो कालजयी कहानियों 'धूप का एक टुकड़ा' और 'डेढ़ इंच ऊपर' को मंच पर उतारकर पढ़ने और सुनने की विधा को 'देखने' की विधा में बदलने का सफल प्रयोग किया।

**मनोवैज्ञानिक यथार्थवाद का बेहतरीन उदाहरण**–निर्मल वर्मा की कहानियाँ अपनी सूक्ष्मता, आंतरिक मौन और संवेदनाओं के लिए जानी जाती हैं। निर्देशक शरद शर्मा के सामने सबसे बड़ी चुनौती कहानी के अंतर्मन को बाहरी नाटकीयता में बदले बिना दृश्यात्मक बनाना था। दोनों प्रस्तुतियाँ स्मृति, अनुभूति और आत्मसंघर्ष के प्रवाह में आगे बढ़ीं, जिसने दर्शकों को गहरे मनोवैज्ञानिक यथार्थवाद का अनुभव कराया।

**'धूप का एक टुकड़ा' अकेलेपन का मार्मिक चित्रण**–पहली प्रस्तुति 'धूप का एक टुकड़ा' में एक अकेली महिला के जीवन, उसके नॉस्टेल्जिया और यादों के संघर्ष को दिखाया गया। इस नाटक में घटनाओं से ज्यादा अनुभूतियां प्रधान थीं। केंद्रीय भूमिका में कामना भट्ट ने अपने सुदीर्घ रंग अनुभव का परिचय देते हुए अभिनय को बेहद धारदार बनाया। भूषण जैन ने अपनी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका में दर्शकों को प्रभावित किया।

**'डेढ़ इंच ऊपर' युद्ध की विभीषिका और भय**–दूसरी प्रस्तुति 'डेढ़ इंच ऊपर' दर्शकों को केवल देखने नहीं, बल्कि महसूस करने के लिए आमंत्रित करती नजर आई। यह कहानी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक बूढ़े जर्मन व्यक्ति के अकेलेपन और भय की दास्तां है, जिसकी पत्नी को गेस्टापो (नाजी पुलिस) उठा ले जाती है। मुख्य पात्र को अंकित दास ने पूरी शिद्दत के साथ जिया। उन्होंने क्रोध, क्षोभ और विवशता के भावों को मंच पर जीवंत कर दिया। अतिथि भूमिकाओं में रूबल शर्मा और जजा सिद्दीकी ने अपनी छाप छोड़ी।

> **पेंटिंग्स और प्रकाश ने बांधी समां**
>
> इन नाटकों की सफलता में तकनीकी पक्ष का भी अहम योगदान रहा। मंच सज्जा में विख्यात चित्रकार मुकेश बिजौले की पेंटिंग्स का उपयोग कर निर्देशक ने कथा को एक नई अंतर्दृष्टि दी। भूषण जैन के संगीत संकलन और राघवेंद्र कौशिक के सधे हुए प्रकाश संचालन (लाइटिंग) ने दृश्यों को और अधिक प्रभावी बना दिया। मेजबान संस्था अभिनव रंगमंडल की ये नई प्रस्तुतियां दर्शकों के दिलों में उतर गईं, जिसने उज्जैन में थिएटर के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सभी को आश्वस्त किया।

## शीतलनाथ जैन मंदिर पर आज ध्वजा अर्पण, शाम को दीपों से सजेगा देरासर

**उज्जैन।** पुलिस कंट्रोल रूम के सामने स्थित श्री शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर की प्रतिष्ठा के 38 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार सुबह 10 बजे मंदिर शिखर पर आचार्य विजयरत्नकीर्ति की निश्रा में अहमदाबाद से आयी नई ध्वजा अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर प्रभु कि विशिष्ट आभूषण से दिव्य अंगरचना की जाएगी। संध्या में पुरे मंदिर परिसर कि दीपो से भव्य सजावट कि जाएगी। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में ध्वजा रोहण धर्म की विजय, तीर्थंकरों के प्रति श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। यह पवित्रता, सकारात्मक ऊर्जा और पुण्य लाभ प्रदान करने वाला होता है। मंदिर निर्माणकर्ता लाभार्थी परिवार कि रीटा बेन शाह ने बताया कि 1988 में स्थापित इस मंदिर की 39वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। ध्वजा के कायमी लाभार्थी अहमदाबाद के सेठ त्रिकमलाल



अमृतलाल शाह परिवार हैं। मंदिर पर प्रतिवर्ष विधि-विधानपूर्वक ध्वजा अर्पण एवं प्रभावना वितरण की परंपरा निभाई जाती है। लाभार्थी परिवार ने श्वेतांबर जैन समाजजनो से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

## एक नजर

### प्रतीक उपाध्याय अध्यक्ष, जगदीश राजवानी सचिव एवं ओम परमार बने कोषाध्यक्ष

## लायंस क्लब उज्जैन मेल्विन के संस्थापन समारोह में दिलाई नई कार्यकारिणी को शपथ

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड एवं लायंस क्लब क्षिप्रा के संयुक्त तत्वावधान में नवगठित लायंस क्लब उज्जैन मेल्विन का संस्थापन समारोह एक भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई और समाज सेवा के प्रति संकल्प लिया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं संस्थापन अधिकारी इंदौर से पधारे गेट वाइस एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन भगवानदास ऐरन, भाजपा नगराध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन लायन प्रदीप यादव, जोन चेयरपर्सन लायन लोकेंद्र भूतड़ा और लायंस ऑफ उज्जैन लायन नरेंद्र खंडेलवाल मंच पर आसीन थे।

डिस्ट्रिक्ट पीआरओ लायन दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य अतिथि लायन कुलभूषण मित्तल ने अपने अनूठे अंदाज में नवगठित क्लब की कार्यकारिणी को संस्थापित किया। अध्यक्ष प्रतीक उपाध्याय, उपाध्यक्ष स्वप्निल पेंढारकर, ऋषभ अग्रवाल, रूपाली उपाध्याय, सचिव जगदीश राजवानी, सह-सचिव लायन पवन दुबे, कोषाध्यक्ष ओम परमार, सह-कोषाध्यक्ष लायन दिव्यांशी नाइक, टेल ट्विस्टर अल्फ्रेड विलियम्स, टेमर प्रवीण चावंड, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर स्वाती सक्सेना, सर्विस एक्टिविटी चेयरमैन अक्षिती नाइक, एलसीआईएफ चेयरमैन माधव दिलीप शर्मा एवं विजन चेयरमैन यश चावड़ा ने शपथ ली। विशिष्ट अतिथि लायन भगवानदास ऐरन ने सभी नए सदस्यों को लायनवाद की शपथ दिलाई।



भाजपा नगराध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट ट्रेजरार लायन संजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक क्लब को अपनी एक सिग्नेचर एक्टिविटी (विशेष पहचान वाली गतिविधि) अवश्य करनी चाहिए। जिससे शहर में उस क्लब की अलग पहचान बन सके। चार्टर अध्यक्ष एमजीएफ लायन संजय सक्सेना ने सदन को लायंस संगठन की गतिविधियों और उद्देश्यों से अवगत कराया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान और लायन अजय जसोरिया द्वारा ध्वज वंदना व विश्व प्रार्थना के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन गोल्ड क्लब अध्यक्ष लायन शैलेश सोनी ने दिया। अतिथियों का स्वागत लायन अश्विन मेहता, डॉ. राहुल पंड्या, डॉ. प्रिंस कुशवाहा एवं लायन गौतम साहा ने किया। मुख्य अतिथि का परिचय पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. अजय गुप्ता ने दिया। नवीन सदस्यों का परिचय सीनियर लायन कैलाश डागा एवं प्रवीण खंडेलवाल ने कराया। कार्यक्रम का संचालन लायन राजेश गर्ग तथा डॉ. संजीव जैन ने किया। आभार लायन अजय जुल्का ने माना। कार्यक्रम के संयोजक लायन प्रवीण खंडेलवाल एवं लायन अजय जुल्का थे।

समारोह में फ्रीगंज व्यापारी महासंघ अध्यक्ष गोविंद (बबलू) यादव, लायन राकेश शर्मा, अरविंद जैन, राजेंद्र शाह, संजय मित्तल, राजशेखर शर्मा, धर्मेंद्र सराफ, रीजन चेयरपर्सन सत्येंद्र श्रीवास्तव, जोन चेयरपर्सन दिनेश राठौड़, शैलेन्द्र रावल, भूषण नाइक सहित शहर के विभिन्न लायंस क्लबों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। लायन विकास सिंह (रॉयल), वंदना अग्रवाल (पैशन), पिंकी नीमा (विंग), राजेश सोनी (अभिनव कपल), प्रखर श्रीवास्तव (गोल्ड न्यू वॉयसेस), संजीव आचार्य (ऊर्जा), इसरायल मंसूरी (गोल्ड सिटी), विशाल नीमा (शिवाय), नीलेश पोरवाल (सम्राट), विनोद उपाध्याय (अनंता), विनोद लुल्ला (फ्रेंड्स), चिराग शाह (अशोक), रवींद्र मुले (क्लासिक), प्रदीप निगम (डायमंड), आनंद माहेश्वरी (डायनेमिक), इंजी. भूपेंद्र त्रिवेदी (इंजीनियर्स), पूजन जैन (महालोक), सुनीता मुले (गोल्ड क्वीन), हेमलता ओझा (सुरभि), राजश्री सुगंधी (सुर मंदिर), तरुण मलिक (राइस) आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।